# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा                                   पंचम(बजट) सत्र

संख्या-04                                   गुरूवार, दिनांक-18 फरवरी, 2016 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.18 बजे अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**1.प्रश्नकाल:-**

आज के लिए निर्धारित तारांकित एवं अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

**(क)अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-11**

(i) उत्तरित कुल-02 अ० सू०-21, श्री सुखदेव भगत, स० वि० स०,
अ० सू०-23, श्री राजकुमार यादव, स० वि० स०।

(ii)स्थगित मात्र-01- अ०सू०-22, श्री राधाकृष्ण किशोर स० वि० स०।

(iii)अनागत कुल-08- अ०सू०-24 से 31 तक।

(इस अवसर पर कतिपय माननीय सदस्यों ने आसन से आग्रह किया कि गत सत्रों मे सदन के अन्दर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तदुपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन नियमावली के तहत अध्यक्ष द्वारा दिये गये स्थायी आदेश के कमांक- 72 में अंकित नियम- ''सदन में मंत्रियों द्वारा आश्वासन दिये जाने पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण तत्समय आश्वासन नोट करेंगे तथा उस पर कार्यवाही प्रारम्भ कर कार्यान्वयन के सम्बन्ध में अद्यतन प्रतिवेदन सरकार द्वारा अगले सत्र में सभा में उपस्थापित किया जायेगा'', से सदन को अवगत कराया तथा संसदीय कार्यमंत्री को निदेश दिया कि वे ऐसे विषयों को देख लें।)

**(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-71**

(i) उत्तरित कुल-06, तारांकित -122 श्रीमती गंगोत्री कुजूर, स० वि० स०,
तारांकित -123 श्री कुणाल षड़ंगी, स० वि० स०,
तारांकित -125 श्री दशरथ गागराई, स० वि० स०,
तारांकित -126 श्री योगेन्द्र प्रसाद, स० वि० स०,
तारांकित -127 श्री रामकुमार पाहन, स० वि० स० एवं
तारांकित -128 श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,स० वि० स०।

(ii) अपृष्ठ मात्र-01, तारांकित- 124 श्री ताला मराण्डी, स० वि० स०।

(iii)अनागत कुल-64, तारांकित- 129 से 192 तक।

(कृपया पृष्ठ उलटें)

2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनायें पढ़ीं-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री जयप्रकाश वर्मा,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
श्री दशरथ गागराई,
श्री रामचन्द्र सहिस,
श्री अनिल मुर्मू,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री राजकुमार यादव,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री कुणाल षाडंगी,
श्री रामकुमार पाहन,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री अमित कुमार,
श्री प्रदीप यादव,
श्रीमती मेनका सरदार,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री नारायण दास,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री साधुचरण महतो,
श्री बादल,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री जीतूचरण राम एवं
श्री ईरफान अंसारी। माननीय सदस्य श्री निर्भय कुमार शाहाबादी की सूचना माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया।

3.ध्यानाकर्षण सूचनायें तथा उस पर सरकार का वक्तव्य:-

i- श्री राधाकृष्ण किशोर स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

ii- श्री रामकुमार पाहन एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

iii- श्री नागेन्द्र महतो एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

4. सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

श्री सरयू राय, माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा झारखण्ड सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन वर्ष-2015-16 की एक प्रति सभा पटल पर रखी गई।

5. वित्तीय कार्य :-

श्री सरयू राय, माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा **''मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग''** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रकाश राम, स०वि०स० द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**अन्तराल के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

अंतराल के पूर्व पेश की गई मांग पर हुए वाद-विवाद में माननीय सदस्य श्री प्रकाश राम के अतिरिक्त निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री बिरंची नारायण,

**(इस अवसर पर माननीय सभापति श्री आलमगीर आलम ने आसन ग्रहण किया।)**

श्री राजकुमार यादव,

श्री केदार हजरा,

श्री कुणाल षड़ंगी,

श्री रामचन्द्र सहिस,

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

श्री आलमगीर आलम,

श्री शिव शंकर उराँव,

श्री योगेन्द्र प्रसाद,

श्री जीतूचरण राम,

श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, तदुपरान्त सरकार का उत्तर हुआ।

श्री सरयू राय, प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत **''मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग''** से सम्बन्धित माँग बारी-बारी से गिलोटीन (मुखबंद)के माध्यम से स्वीकृत हुई एवं श्री प्रकाश राम, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

**6.विधायी कार्य:-**

**राजकीय(वित्त)विधेयक**

**झारखण्ड विनियोग(संख्या-01) विधेयक, 2016**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री सरयू राय द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

पुर:स्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डश: विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 2, अनुसूची, खण्ड-1, प्रस्तावना एवं नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

7. आसन से घोषणा :-

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा में गठित वित्तीय समिति सहित अन्य सभी समितियों का कार्यकाल दिनांक-31 मार्च, 2016 तक विस्तारित किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई तदुपरान्त सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-19.02.2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई।

राँची,
दिनांक- 18, फरवरी, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x— x—